एक नजर में



## शराब ठेके का स्थान परिवर्तन कराने लामबंद हुईं महिलाएं

**इछावर.** ग्राम पंचायत नादान में निवासरत महिलाओं ने एसपी, कलेक्टर व तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपा. महिलाओं का कहना है कि ग्राम नादान में मुख्य मार्ग पर शराब दारु का ठेका संचालित है. जिसके कारण ग्रामीण शराब पीकर उपद्रव एवं लड़ाई झगड़ा आदि करते हैं. महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है. महिलाओं का कहना था कि उनके घर के पुरुष अनाज एवं अन्य सामग्री बेचकर शराब का सेवन करते हैं. जिससे परिवार में कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो रही है. उन्होंने गांव के शराब ठेके का स्थान परिवर्तित करने की मांग ज्ञापन में की है. इस मौके पर ग्राम की आरती सौंलकी, सुगन बाई, सम्पत बाई, सुनीता बाई, आशा, ओमवती बाई, लाड़सिंह कटारिया, अमरवती बाई, चिंता बाई, सुशीला बाई, सुषमा बाई, सोनिया बाई, सुमन बाई, मधु बाई, कृष्णा सूर्यवंशी आदि उपस्थित थीं.




## बहुजन मुक्ति पार्टी ने स्मार्ट मीटर लगाने का किया विरोध

**सीहोर.** बहुजन मुक्ति पार्टी के आव्हान पर जिलाध्यक्ष जितेन्द्र मालवीय के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन के साथ बढ़ते विद्युत बिलों एवं स्मार्ट मीटर के विरोध में लालटेन भी सौंपा गया. ज्ञापन सौंपने वालों में धूलसिंह धम्म, जनमसिंह परमार, भवानी सिंह, हरिसिंह, लाड़सिंह कटारिया, फूलसिंह, लक्ष्मण मालवीय, दिनेश मेवाड़ा, राजु मीणा, दिनेश पाटीदार, मानसिंह, महेन्द्र मालवीय, रोहित भदोरिया, दुर्गाप्रसाद, धनसिंह, बीएस भदोरिया, परमिला, निर्मला, पूजा वर्मा, संजु पाटीदार, रोशनी गोंडाले, आशा कोरकु, निर्मला बारेला सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे.




## जनसुनवाई में 45 आवेदकों ने लगाई गुहार

**सीहोर.** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए. जिले भर से आए 45 आवेदकों ने समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए. जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई. जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ़ विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा संबंधित आवेदन प्राप्त हुए. जनसुनवाई में एसडीएम तन्मय वर्मा आदि उपस्थित थे.



## ज्ञान भारतम एप पर दर्ज हुईं 101 प्राचीन पांडुलिपियां

**सीहोर.** जिले की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आज श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में संरक्षित 101 प्राचीन पांडुलिपियों का विवरण ज्ञान भारतम एप पर अपलोड किया गया. इसके साथ ही सारू-मारू की गुफाओं में स्थित सिलालेख को भी ज्ञान भारतम एप पर अपलोड किया गया है. इस अभियान का उद्देश्य दुर्लभ धार्मिक, ऐतिहासिक एवं ज्ञानवर्धक पांडुलिपियों को डिजिटल माध्यम से सुरक्षित कर आने वाली पीढ़ीयों तक पहुंचाना है. इस अवसर पर श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के राजकुमार जैन, गौरव अंकुर जैन, डॉ. गणेश लाल जैन, डॉ. प्रमिला जैन आदि उपस्थित थे.



## रोजगार मेले में हुआ 329 आवेदकों का प्राथमिक चयन

**सीहोर.** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सीहोर के महिला आईटीआई में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया. रोजगार मेले में 360 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया जिनका विभिन्न कंपनियों द्वारा इंटरव्यू लिया गया. मेले में 13 कंपनियों द्वारा 329 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया। इस अवसर पर पशुपालन विभाग द्वारा 02 हितग्राहियों को 3,75,000 रूपये का ऋण का स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया गया. इस अवसर पर हरेंद्र ठाकुर, योगेंद्र पटेल, प्रभारी जिला रोजगार अधिकारीस्वप्निल श्रीवास्तव, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक अनुराग वर्मा, प्रबंधक संदीप उईके, मनीष अलावा, विवेक यादव सहित अन्य अधिकारी एवं युवा उपस्थित थे. रोजगार मेले में आए युवाओं का जब विभिन्न कंपनियों द्वारा चयन किया गया तो उनके चेहरे पर हर्ष नजर आया.

# कछुआ गति से हो रहा रिटेनिंग वॉल का निर्माण

## 4 करोड़ 85 लाख रुपए के प्रोजेक्ट का अब तक महज 50 फीसदी काम, मानसून में बढ़ेगी दिक्कत

- मानसून से पहले कार्य पूरा होना नामुमकिन
- अस्थाई मार्ग नहीं हटाया तो बारिश में होगी दिक्कत

नवभारत न्यूज

**सीहोर 12 मई. शहर के बहुप्रतीक्षित सीटू नाला गहरीकरण और रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य की रफ्तार बेहद धीमी बनी हुई है. करीब 4 करोड़ 85 लाख रुपए की लागत से चल रहे इस प्रोजेक्ट का अब तक लगभग 50 फीसदी काम ही पूरा हो पाया है. ऐसे में मानसून से पहले निर्माण कार्य पूरा होना मुश्किल नजर आ रहा है. शहरवासियों की चिंता इसलिए भी बढ़ गई है क्योंकि नाले में मलबा निकालने के लिए बनाया गया अस्थायी मार्ग अभी तक नहीं हटाया गया है, जो बारिश के दौरान जल निकासी में बाधा बन सकता है.**

गौरतलब है कि नगर पालिका द्वारा इंग्लिशपुरा से कोतवाली चौराहा तक रिटेनिंग वॉल और नाले के सुधार कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन पूरे प्रोजेक्ट को समय सीमा में पूरा करने की संभावना कम दिखाई दे रही है. निर्माण कार्य की धीमी गति को देखते हुए आसपास के रहवासी मानसून को लेकर आशंकित हैं.



**सीहोर.** नाले में चल रहे निर्माण कार्य के चलते बनाया गया अस्थाई मार्ग समय रहते नहीं हटा तो शहर में बाढ़ के हालात बन सकते हैं.

स्थानीय लोगों का कहना है कि नाले से निकाले जा रहे मलबे को बाहर ले जाने के लिए बीच में अस्थायी रास्ता बनाया गया है। यदि इस मार्ग को समय रहते नहीं हटाया गया तो बारिश के दौरान पानी का बहाव बाधित हो सकता है. ऐसी स्थिति में इंग्लिशपुरा, कोतवाली क्षेत्र, पावर हाउस चौराहा और आसपास की बस्तियों में जल पलावन की स्थिति निर्मित होने की आशंका बढ़ जाएगी.

गौरतलब है कि सीटू नाला पहले भी शहर के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन चुका है। वर्ष 2016 और 2019 में भारी बारिश के दौरान नाले का जलस्तर अचानक बढ़ गया था, जिससे आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात बन गए थे. कई घरों और दुकानों में पानी भर गया था तथा लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था. यही कारण है कि इस बार भी लोग निर्माण कार्य की धीमी गति और अस्थायी मार्ग को लेकर चिंतित दिखाई दे रहे हैं. नगर पालिका द्वारा नाले की सफाई के साथ-साथ किनारे पर एक अलग छोटी नाली का निर्माण भी कराया जा रहा है. इस नाली के माध्यम से घरों से निकलने वाला गंदा पानी मुख्य नाले से अलग होकर आगे जाएगा, जिससे मुख्य नाले का पानी अपेक्षाकृत साफ बना रहेगा और जल निकासी व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद है. नगर पालिका के सहायक यंत्री विजय कोली ने बताया कि निर्माण कार्य तेजी से जारी है, हालांकि मानसून से पहले पूरा होना संभव नहीं दिख रहा.

### डिजाइन फाइनल न होने से अटका रहा काम

जानकारी के अनुसार यह प्रोजेक्ट करीब एक वर्ष पहले शुरू होना था, लेकिन डिजाइन फाइनल नहीं होने के कारण कार्य लंबे समय तक अटका रहा. इसके बाद तकनीकी और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में हुई देरी ने भी काम की गति को प्रभावित किया. वर्तमान में निर्माण एजेंसी द्वारा नाले के गहरीकरण, रिटेनिंग वॉल निर्माण व किनारों पर नाली निर्माण का काम किया जा रहा है, लेकिन कार्य की प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नहीं है.

### समय रहते नाला हो जाएगा साफ

अभी नाले की रिटेनिंग वॉल का निर्माण चल रहा है. लगभग एक पखवाड़े में काफी हद तक कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा. इसी तरह मानसून के आने से पहले ही नाले में बनाए अस्थाई मार्ग को हटा दिया जाएगा. इसके लिए ठेकेदार को निर्देशित किया गया है.

**प्रिंस राठौर,**
नगरपालिका अध्यक्ष

## करोड़ों के निर्माण कार्यों का राय करेंगे भूमिपूजन



**सीहोर.** विधायक सुदेश राय बुधवार को विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे. मुंगावली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक सुदेश राय स्थानीय जनप्रतिनिधियों की विशेष उपस्थिति में 54 लाख 38 हजार रुपए से बनने वाले 2 कक्ष, 2 लैब, व बाउंड्रीवाल निर्माण का भूमि पूजन करेंगे. इसी प्रकार दोपहर 1 बजे विधायक सुदेश राय की विशेष उपस्थिति में ग्राम सेमरादांगी से बरखेड़ा रोड निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न होगा. दोराहा नहर से चैनपुरा तक हुए डामरीकरण का लोकार्पण विधायक सुदेश राय करेंगे. इसी तरह अहमदपुर ग्राम पंचायत में 2 कक्ष, 2 लैब, व गेट का निर्माण 64.91 लाख रुपए से किया जाएगा. कार्यक्रम पूजन विधायक राय की उपस्थिति में संपन्न होगा. चरनाल में 2 करोड़ 95 लाख रुपए से बने आयुष्मान आरोग्य मंदिर भवन का विधायक राय शुभारंभ करेंगे. शाम 4 बजे श्यामपुर में 7 कक्ष, बाउंड्री वाल, शौचालय व रोड निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम होगा. इस कार्य की लागत 108.62 लाख रुपए है.

## शिविर में समस्याओं का होगा निराकरण

**सीहोर.** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए शिविर लगाए जाएंगे. शिविरों में उपभोक्ताओं की बिल, मीटर, सर्विस केबल, कनेक्शन संबंधी शिकायतों का निराकरण किया जाएगा. 14 मई को वार्ड नं. 03 स्थित जोन 1 के वितरण केन्द्र और वार्ड नं 4 स्थित जोन 2 के वितरण केंद्र पर शिविर आयोजित किए जाएंगे. ग्राम हिनोती, भाउखेड़ी, कालिया खेड़ी, कचनारिया, आलमपुरा, बोरदी कला, बगजखेड़ा, बिछनी, सिराड़ी, करंजखेड़ा, नापलाखेड़ी, अर्नियासुल्तानपुर, अब्दुल्लापुर में तथा आष्टा के घनश्यामपुरा, जगन्नाथपुरा, हकीमाबाद, छायान खुर्द, सिंगारचोरी, कचनारिया, ग्राम सुलखेड़ी, झिलेला, ग्राम निमावरा में शिविर लगाए जाएंगे.


# दिन- दहाड़े नकाबपोश बदमाशों ने किया बुजुर्ग का अपहरण

- बिलकीसगंज थाना क्षेत्र में हुई सनसनीखेज वारदात
- रोजाना की तरह घर से मंदिर जा रहे थे बुजुर्ग प्रेमसिंह मेवाड़ा

नवभारत न्यूज

**बिलकीसगंज 12 मई.** थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक किसान के अपहरण का मामला सामने आया है. घटना सुबह 9.10 बजे की है जब ढाबला केलवाड़ा निवासी एक बुजुर्ग किसान मंदिर जा रहे थे. तभी कुछ नकाबपोश बदमाश कार में आए और किसान को कार में पटककर भोपाल की ओर ले गए. दिनदहाड़े अपहरण की इस घटना के बाद से इलाके में दहशत और भय का माहौल है. हालांकि पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है.

ढाबला केलवाड़ा निवासी प्रेमसिंह ने अपहरण के दौरान हिम्मत करके किसी तरह अपने बेटे जगदीश मेवाड़ा को फोन लगाकर बताया कि बड़ी मेवाड़ा के घर के सामने कुछ लोग उन्हें जबरन कार में बैठाकर भोपाल की ओर ले जा रहे हैं. इसके बाद उनका फोट कट गया. तभी से उनका मोबाइल बंद आ रहा है. जानकारी मिलते ही उनके बेटे जगदीश ने अपने अन्य भाई और रिश्तेदारों को सूचना दी और घटनास्थल पर पहुंचे. परिजनों के साथ पुलिस ने भी भोपाल की ओर बदमाशों को तलाशने की कोशिश की. रास्ते में ढाबे के पास काम कर रहे मजदूर राजेश बारेला और उनकी पत्नी ने बताया कि उन्होंने बदमाशों को बुजुर्ग को कार में ठूंसते देखा था. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुजुर्ग के शोर मचाने के बाद भी आरोपी कार को तेजी से भगा ले गए.



पीड़ित परिवार ने इस वारदात के पीछे पुरानी रंजिश और जमीन विवाद की आशंका जताई है. परिजनों ने पुलिस को दी शिकायत में कपिल शर्मा, देव नारायण उर्फ गुड्डा और मनीष परमार पर संदेह जताया है कि उन्होंने ही उनके पिता का अपहरण किया होगा. क्योंकि उनके बीच लंबे समय से विवाद की स्थिति बन रही है. सूत्र बताते हैं दोनों पक्षों के बीच जमीन के सौदे का विवाद चल रहा है. इस मामले में पीड़ित पक्ष ने जमीन बेची थी और उसका बयाना भी ले लिया था. लेकिन बाद में किसी बात को लेकर सौदे की बात बिगड़ गई. इस कारण दूसरे पक्ष पर अपहरण का आरोप लगाया है.

### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस की अलग-अलग टीमें भोपाल-सीहोर हाईवे और आसपास के के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों खंगाल रही है. एसपी सोनाक्षी सक्सेना भी थाने पर रहकर नजर बनाए हैं. आरोपियों की पहचान के लिए तकनीकी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं. घटना के बाद गांव में तनाव बना है. ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द प्रेमसिंह मेवाड़ा को बरामद नहीं किया तो वे उग्र आंदोलन और चक्काजाम करेंगे.

# सरकारी बोर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का कब्जा

- शेरपुर की अनेक महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंचीं
- गांव में विधायक निधि से कराया था नलकूप खनन

नवभारत न्यूज

**सीहोर 12 मई.** जैसे जैसे तापमान बढ़ रहा है इसके साथ ही भूजल स्तर में भी गिरावट आ रही है. भीषण गर्मी के दौर में ग्रामीण अंचलों में जल संकट गहराता ही जा रहा है. पानी की बूंद-बूंद के लिए लोग परेशान हैं. एक और जहां गांवों में पानी की किल्लत है तो वहीं दूसरी ओर लोग सरकारी जल स्त्रोतों पर काबिज हो गए हैं.

ऐसा ही एक मामला नजदीकी ग्राम शेरपुर से सामने आया है जहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पर गांव की महिलाओं ने गंभीर आरोप लगाए हैं. कलेक्टर की जनसुनवाई में शिकायत करते हुए महिलाओं ने बताया कि गांव में सरकारी बोरिंग पर आंगनबाडी कार्यकर्ता ने कब्जा कर रखा और वह किसी को यहा से पानी नहीं भरने देती हैं. यह बोर विधायक निधि द्वारा कराया गया था और गांव के लोग इससे पानी भरते थे. लेकिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता किसी भी ग्रामीण को पानी नहीं भरने दे रही हैं. जबकि गांव में पानी की बहुत किल्लत है. सरकारी हेंडपंप भी सूख चुके हैं, नलजल योजना की टंकी तैयार हो रही है. गांव के कई परिवार पानी के लिए इस बोरिंग पर ही निर्भर हैं.




### दूसरे गांव से ढोकर ला रहे पेयजल

ग्रामीण महिला राधाबाई ने बताया कि गांव में पानी की बहुत परेशानी है, जल स्त्रौत सूख चुके हैं, अब पानी के लिए ग्रामीण दूसरे गांव जाते हैं और साईकिल व अन्य वाहनों से पानी ला रहे हैं. दो किमी दूर ग्राम महुआखेडी से पानी ला रहे हैं. आंगनबाडी कार्यकर्ता किसी को पानी नहीं भरने देती हैं इस बात की शिकायत वह कई बार सरपंच सचिव से कर चुके हैं. लेकिन इस समस्या का निराकरण नहीं हो सका. महिलाओं ने बोरिंग मुक्त कराने की गुहार लगाई है.

## अवैध परिवहन करते तीन ट्रैक्टर-ट्राली जब्त

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरु के के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया. यह कार्रवाई इछावर एवं आष्टा क्षेत्र में की गई.

जिला खनिज अधिकारी महेंद्र चौहान ने बताया कि संयुक्त दल ने तहसील इछावर में रेत के अवैध परिवहन में संलग्न 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर थाना इछावर की अभिरक्षा में सौंपे. वहीं तहसील आष्टा के अंतर्गत एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर चौकी अमलाहा की अभिरक्षा में दिया गया. प्रशासन द्वारा सभी जब्त वाहनों के विरुद्ध खनिज नियमों एवं प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर जुर्माना अधिरोपित करने की कार्रवाई की जा रही है. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनिज गतिविधियों के विरुद्ध संयुक्त टीम की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी.



गौरतलब है कि खनिज विभाग द्वारा अवैध खनन व परिवहन को रोक पाने में बरती जा रही उदासीनता के चलते प्रशासन द्वारा राजस्व और पुलिस विभाग की टीम को भी शामिल किया है. इसी का नतीजा है कि तीनों विभागों की टीमों द्वारा चलाए जा रहे संयुक्त अभियान के चलते ट्रैक्टर- ट्राली की धरपकड़ की जा सकी है.

## कुबेरेश्वर धाम पर उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

नवभारत न्यूज

**सीहोर 12 मई.** जिला मुख्यालय स्थित कुबेरेश्वरधाम पर नियमित रूप से निशुल्क भंडारे का आयोजन किया जा रहा है. यहां पर हर रोज हजारों की संख्या में देश-विदेश से श्रद्धालु आते है और यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में दुनिया की सबसे बड़ी भोजनशाला से यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को निशुल्क भोजन प्रसादी का वितरण किया जा रहा है। इसके अलावा मुरली मनोहर मंदिर में सुबह और शाम को पूजा-अर्चना और शाम को बाबा की आरती की जाती है.

विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित समीर शुक्ला और पंडित विनय मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि मां अन्नपूर्णा की असीम कृपा से श्री कुबेरेश्वर धाम स्थित सीता रसोई में आज भी सेवा का पावन कार्य निरंतर जारी है. यहां प्रतिदिन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ आने वाले सभी श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरित की जा रही है. समिति ने बताया यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा.




## कार्यालय नगर पालिका परिषद सीहोर जिला सीहोर ( म. प्र. )

**ई-निविदा सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन**
**प्रथम आमंत्रण**

एन.आई.टी. /2047 / जलकर शाखा./ ई टेंडर 2026 सीहोर दिनांक 12.05.

निम्नलिखित निर्माण हेतु ठेकेदार और ख्याति फर्म्स से जो निविदा मानदंडों को पूरा करती हो ऑनलाईन बोली आमंत्रित हैं।

| क्र. | क्र.सं./पैकेज | आपूर्तियां | संभावित राशि | अमानत राशि | निविदा शुल्क | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_506891_1 | Annual Tender Invite for Procurement Of Pipeline LeakageRepairing work for FY 26-27 Under municipal Council Sehore | 4000000/- | 30000/- | 5000/- | 12 माह |

1- इच्छुक बोलीदाता वेबसाईट http://mptenders:gov.in पर NIT देख सकते हैं।
2- बोली दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर दिनांक 11.00 (time) 13.05.2026 to 17:30 (time) 30.05.2026 तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते हैं।
3- NIT में संशोधन, यदि कोई होता है, तो केवल, वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं।

**विकास प्रिंस राठौर**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद सीहोर**

**सुधीर कुमार**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सीहोर**